>

Title: Need to withdraw the decision to acquire land of marginal farmers of Maharajganj, Uttar Pradesh for construction of residential and official complexes of Sashastra Seema Bal.

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.): महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद महाराजगंज अन्तर्गत नौतनवा तहसील के सीमावर्ती गांवों जुगौली, सुकरौली, धौरहरा (टोला, तिलहवा), फरेंनी, केवटोलिया में सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी.) के कार्यालय एवं आवास हेतु लगभग 184 एकड़ कृषि योग्य उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

इस भूमि के अधिग्रहण से लगभग 218 किसान प्रभावित हो रहे हैं एवं इनमें से ऐसे भी किसान बड़ी संख्या में हैं, जिनकी समस्त कृषि योग्य भूमि अधिगृहीत की जा रही है। इस स्थिति में ये किसान भूमिहीन हो जाएंगे तथा अन्य किसानों की छोटी-छोटी जोतें और छोटी हो जाएंगी।

महाराजगंज जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों का कथन है कि उनके द्वारा अधिग्रहण की यह कार्रवाई उसी भूमि हेतु की जा रही है, जिसका रेखांकन सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी.) द्वारा निर्धारण कर उन्हें बताया गया है।

ऐसी दशा में मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि सशस्त्र सीमा बल की पहल पर महाराजगंज जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमान्त कृषकों की कृषि योग्य उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण करने के स्थान पर बड़ी जोत के कृषकों की भूमि को अधिगृहीत करना सुनिश्चित किया जाये।